11

# संवर्धनात्मक एवं विस्तृत अन्वेषण

## 1. संवर्धनात्मक अन्वेषण

खनिज अन्वेषण निगम लि. (एमईसीएल), राज्य सरकारें तथा सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट (सीएमपीडीआई) कोयला मंत्रलय की योजना स्कीम 'कोयला एवं लिग्नाइट के लिए संवर्धनात्मक अन्वेषण' के अंतर्गत संवर्धनात्मक अन्वेषण कर रहे हैं। वर्ष 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–2023 जनवरी, 23 से दिसम्बर, 23 (अनंतिम), अप्रैल, 23 से दिसम्बर, 23 (अनंतिम) और जनवरी, 24 से मार्च, 24 (अनुमानित) की अवधि के दौरान कोयला एवं लिग्नाइट क्षेत्रों में की गई संवर्द्धनात्मक ड्रिलिंग का सारांश नीचे दिया गया है:

*(ड्रिलिंग मीटर में)*

| कमान क्षेत्र | 2019–20 वास्तविक | 2020–21 वास्तविक | 2021–22 वास्तविक | 2022–23 वास्तविक | जनवरी 23–दिसम्बर 23 (अनंतिम) | 2023–24 (अप्रैल 23–दिसम्बर23) (अनंतिम) | 2023–24 जनवरी 24–मार्च 24 (अनुमानित) | 2023–24 (अप्रैल 23–मार्च 24) (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीआईएल कमान क्षेत्र में ड्रिलिंग | 70973 | 111735 | 155153 | 76800 | 121595 | 93400 | 43247 | 136647 |
| एससीसीएल कमान क्षेत्र में ड्रिलिंग | 11210 | 291 | 0 | 0 | 1521 | 1521 | 1500 | 3021 |
| लिग्नाइट क्षेत्रों में ड्रिलिंग | 33497 | 22852 | 13984 | 0 | 12332 | 12332 | 8000 | 20332 |
| **कुल** | **115680** | **134878** | **169137** | **76800** | **135448** | **107253** | **52747** | **160000** |
| **वृद्धि %** | **-17%** | **17%** | **25%** | **-55%** | | | | |

*टिप्पणी: लक्ष्यों की प्राप्ति वन क्षेत्रों में ड्रिलिंग करने के लिए समय पर वन मंजूरी की उपलब्धता एवं अनुकूल कानून और व्यवस्था की स्थिति पर निर्भर करती है।*

## 2. गैर–सीआईएल ब्लॉकों में विस्तृत ड्रिलिंग

कड़ी समय–सीमा के अनुसार सीएमपीडीआई द्वारा सीआईएल तथा गैर–सीआईएल ब्लॉकों में विस्तृत अन्वेषण कार्य निर्दिष्ट तथा अनुमानित श्रेणी में आने वाले संसाधनों को मापित (प्रमाणित) श्रेणी में लाने के लिए किया जा रहा है। गैर–सीआईएल/ कैप्टिव खनन ब्लॉकों में अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग कोयला मंत्रालय की 'गैर–सीआईएल ब्लॉकों में विस्तृत ड्रिलिंग' की योजना स्कीम के अंतर्गत की जाती है।

वर्ष 2019–20, 2020–21 और 2021–22, 2022–2023 जनवरी, 23–दिसम्बर–23 (अनंतिम), अप्रैल, 23–दिसम्बर, 23 (अनंतिम) और जनवरी, 24 से मार्च, 24 (अनुमानित) की अवधि के दौरान गैर–सीआईएल/ केप्टिव खनन ब्लाकों में वास्तविक ड्रिलिंग का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

*(ड्रिलिंग मीटर में)*

| कमान क्षेत्र | 2019–20 वास्तविक | 2020–21 वास्तविक | 2021–22 वास्तविक | 2022–23 वास्तविक | जनवरी'23–दिसम्बर'23 (अनंतिम) | 2023–24 (अप्रैल 23–दिसम्बर 23 (अनंतिम) | 2023–24 जनवरी'24–मार्च' 24 (अनुमानित) | 2023–24 (अप्रैल'23–मार्च'24ट (अनुमानित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीएमपीडीआई (विभागीय) | 207677 | 174622 | 87571 | 93191 | 99507 | 51637 | 10000 | 61637 |
| सीएमपीडीआई द्वारा आउटसोसिंग | 464807 | 469961 | 171762 | 89016 | 189280 | 127852 | 20511 | 148363 |
| **कुल** | **672484** | **644583** | **259333** | **182207** | **288787** | **179489** | **30511** | **210000** |
| **वृद्धि %** | **39%** | **-4%** | **-60%** | **-30%** | | | | |

### 3. वर्ष 2023–24 में ड्रिलिंग निष्पादनः

सीएमपीडीआई ने सीआईएल/गैर–सीआईएल ब्लॉकों के विस्तृत अन्वेषण के लिए अपने विभागीय संसाधन तैनात किए गए थे। इसके अलावा, एमईसीएल, डीजीएम असम, डीजीएम मेघालय और अन्य 6 संविदात्मक एजेसियों ने भी सीआईएल/गैर–सीआईएल ब्लॉकों में विस्तृत/क्षेत्रीय ड्रिलिंग/अन्वेषण के लिए संसाधन तैनात किए गए हैं। वर्ष 2023–24 में कुल 100 से 120 ड्रिल नियोजित की गई थी, जिनमें से 67 विभागीय ड्रिल थी।

वर्ष 2023–24 में, सीएमपीडीआई तथा इसकी संविदागत एजेंसियों ने 12 राज्यों में स्थित 26 कोलफील्ड्स के 110 ब्लॉकों/खानों में अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग की थी। इन 110 ब्लॉकों/खानों में से, सीएमपीडीआई के विभागीय ड्रिल्स ने 59 ब्लॉकों / खानों में अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग की जबकि संविदागत एजेंसियों ने 51 ब्लॉकों में अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग की थी।

वर्ष 2023–24 (दिसम्बर, 23 तक) के दौरान अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग का समग्र निष्पादन निम्नलिखित हैः

| एजेंसी | अप्रैल, 23–दिसम्बर, 23 के दौरान विस्तृत ड्रिलिंग (अंनतिम) | | | पिछले वर्ष की उपलब्धि अप्रैल, 22– दिसम्बर 22 | वृद्धि (%) |
|---|---|---|---|---|---|
| | लक्ष्य | उपलब्धि | उपलब्धि (%) | | |
| **सीएमपीडीआई (सीआईएल, कंसल्टेंसी, एनएमईटी, संवर्धनात्मक एवं गैर–सीआईएल) द्वारा की गई विस्तृत ड्रिलिंग :** | | | | | |
| I. विभागीय | 2.881 | 2.481 | 86% | 2.460 | 1% |
| II. आउटसोर्सिंग | 2.576 | 3.090 | 120% | 1.481 | 109% |
| **कुल योग** | **5.457** | **5.571** | **102%** | **3.941** | **41%** |

वर्ष 2023–24 (अप्रैल 23 से दिसंबर 23) के दौरान विभागीय संसाधनों से कुल लगभग 2.48 लाख मीटर ड्रिलिंग की गई। आउटसोर्सिंग के माध्यम से लगभग 3.09 लाख मीटर ड्रिलिंग की गई, जिसमें से लगभग 0.02 लाख मीटर ड्रिलिंग राज्य सरकारों के माध्यम से की गई, 1.25 लाख मीटर ड्रिलिंग निविदा के माध्यम से और 1.82 लाख मीटर ड्रिलिंग एमईसीएल के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से की गई।

अप्रैल'23 से दिसंबर'23 के दौरान, ड्रिलिंग प्रगति मुख्य रूप से आरआई–VII क्षेत्र, ओडिशा में दो कैंप्स में नवंबर'23 तक ड्रिलिंग पूरी तरह रुकने और झारखंड तथा छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिकूल कानून और व्यवस्था की स्थिति के कारण प्रभावित हुई थी।

## 4. भू–वैज्ञानिक रिपोर्ट

8 बिलियन टन मापित (प्रमाणित) कोयला संसाधन श्रेणी को शामिल करते हुए विगत वर्षों में किए गए विस्तृत/क्षेत्रीय अन्वेषण के आधार पर वर्ष 2023–24 (दिसम्बर, 23 तक) में, 22 भू–वैज्ञानिक रिपोर्ट तैयार की गई हैं। जनवरी, 24 से मार्च, 24 के दौरान लगभग 5 बिलियन टन अनुमानित संसाधन सहित लगभग 9 भू–वैज्ञानिक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।

## 5. कोयला संसाधन

**भारत में कोयले के भू–वैज्ञानिक संसाधनों की सूची**

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), सीएमपीडीआई, एससीसीएल और एमईसीएल द्वारा किए गए अन्वेषण के परिणामस्वरूप दिनांक 01.04.2023 की स्थिति के अनुसार 1200 मीटर की अधिकतम गहराई तक देश में कोयले के कुल संचित भूवैज्ञानिक संसाधनों का अनुमान 378.21 बिलियन टन लगाया गया है।

**कोयले के भू–वैज्ञानिक संसाधनों का राज्य–वार ब्यौरा निम्नवत हैं:**

**01–04–2023 तक की स्थिति के अनुसार भारत में कोयले के राज्य–वार भू–वैज्ञानिक संसाधन**

*(संसाधन मिलियन टन में)*

| राज्य | मापित (331) | निर्दिष्ट (332) | अनुमानित (333) | संसाधन |
|---|---|---|---|---|
| ओडिशा | 52046.19 | 37536.32 | 4936.08 | 94518.59 |
| झारखण्ड | 55749.18 | 26994.01 | 5094.91 | 87838.10 |
| छत्तीसगढ़ | 37236.35 | 42293.97 | 1243.55 | 80773.87 |
| पश्चिम बंगाल | 17459.34 | 12698.82 | 3775.12 | 33933.28 |
| मध्य प्रदेश | 15279.27 | 12456.93 | 4482.33 | 32218.53 |
| तेलंगाना | 11256.78 | 8496.57 | 3433.07 | 23186.42 |
| महाराष्ट्र | 8064.76 | 3424.65 | 1846.59 | 13336.00 |
| बिहार | 309.53 | 5040.18 | 47.96 | 5397.67 |
| आंध्र प्रदेश | 1024.65 | 2368.94 | 778.17 | 4171.76 |
| उत्तर प्रदेश | 884.04 | 177.76 | 0.00 | 1061.80 |
| मेघालय | 89.04 | 16.51 | 470.93 | 576.48 |
| असम | 464.78 | 57.21 | 3.02 | 525.01 |
| नागालैंड | 8.76 | 21.83 | 447.72 | 478.31 |
| सिक्किम | 0.00 | 58.25 | 42.98 | 101.23 |
| अरुणाचल प्रदेश | 31.23 | 40.11 | 18.89 | 90.23 |
| **कुल** | **199903.90** | **151682.06** | **26621.32** | **378207.28** |

*: 01.04.2023 तक की स्थिति के अनुसार भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण की भारतीय कोयला और लिग्नाइट के भू–वैज्ञानिक संसाधनों की सूची। इस सूची में खनित भंडारों पर विचार नहीं किया गया था।*